सार-समाचार

मोक्ष कल्याणक महोत्सव मनाया

मदनगंज-किशनगढ़,(निस)। मुनिसुव्रतनाथ दिगंबर जैन पंचायत के तत्वाधान में मयूरा सिटी स्थित पदमप्रभु जिनालय में पदमप्रभ भगवान का मोक्ष कल्याणक महोत्सव उल्लास के साथ मनाया गया। उपाध्यक्ष दिलीप कासलीवाल ने बताया कि पदमप्भु भगवान का पंचामृत अभिषेक, शांतिधारा करने का सौभाग्य प्रमुख उद्योगपति विमल पाटनी, महेंद्र, समर्थ कुमार पाटनी परिवार उरसेवा वाले को मिला। प्रतिमा के समक्ष बैंड की मधुर स्वर लहरियो पर निर्वाण पाठ पढ़ते हुए जयकारों के साथ निर्वाण मोदक चढ़ाकर आचार्य वर्धमान सागर को अर्घ समर्पित किया। प्रचार मंत्री गौरव पाटनी ने बताया कि पंचायत के पदाधिकारियों ने पुण्यार्जक परिवार के सदस्यों का तिलक लगाकर अभिनंदन किया। सांय दीपक के थाल सजाकर महाआरती की गई। णमोकार महिला मंडल द्वारा भक्तामर पाठ का किया। इस अवसर पर प्रेमचंद बडजात्या, चेतनप्रकाश पांड्या, मुकेश पाटनी, राजेश पांड्या, निर्मल कुमार पांडया, ओम प्रकाश गोधा, सुभाष बड़जात्या, सुनील गंगवाल, सुमेर गोधा, कैलाश पाटनी, पारसमल पांडया, मांगीलाल झांझरी, निर्मल पाटोदी, अनिल सेठी, प्रदीप वैद, निर्मल सोगानी, संजय पांडया, प्रदीप गंगवाल, विकास छाबड़ा, पिंकी जैन,प्रीति पहाड़िया, पूजा वेद, नेहा पाटौदी, सिंपल बाकलीवाल, विभा पाटौदी, एनी बोहरा, नयाना बाकलीवाल, सीमा पांडया, दीपिका बाकलीवाल, कल्पना पाटनी सहित बड़ी संख्या जैनबंधु उपस्थित रहे। पंचायत अध्यक्ष विनोद पाटनी ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

मंसूरी समाज की बैठक आयोजित

शाहपुरा, (नि.सं.)। बेकल साहब की दरगाह परिसर में मंसूरी समाज की शाहपुरा जिले की मीटिंग का आयोजन हुआ। मोहम्मद हुसैन मंसूरी सदारत एवं हाजी अनवर हुसैन मंसूरी, हाजी अशरफ हुसैन रफीकअगवान रूपपुरा की सरपरस्ती के आतिथ्य में आयोजित हुई। मीटिंग का मुख्य उद्देश्य शाहपुरा में छात्रावास निर्माण का रहा शाहपुरा जिला समाप्त होने के बावजूद भी शाहपुरा जिले के अनेक गांवों के मंसूरी समाज के बुजुर्ग एवं नौजवान समाज बंधु उपस्थित हुए ,संचालन मंसूरी सेवा समिति के सचिव मोहम्मद अली मंसूरी सेवा समिति के द्वारा किया गया, मीटिंग के दौरान अनेक समाज बंधु ने छात्रावास निर्माण के लिए इमदाद देने की घोषणा की उपस्थित सदस्यों द्वारा घोषणा की गई। यह राशि तत्काल 5 दिन में समिति को सपोर्ट करने पर सहमति हुई हाजी अनवर हुसैन जी मंसूरी शाहपुरा द्वारा 3 लाख 11 हजार रुपए, रफीक रूपपुरा वालों ने 11हजार एक सौ ग्यारह रुपए, 21 हजार,मोहम्मद अली मंसूरी एवं नसरदा इस्माइल मंसूरी में ग्यारह हजार रुपए देने के अलावा समाज के अन्य उपस्थित सदस्यों ने सहयोग राशि देने का भरोसा दिलाया, मीटिंग में इस दौरान मुबारक मंसूरी उपरेडा, उपरेडा सलीम अगवान बशीर अगवान , जहाजपुर, कोटडी ,गुलाबपुरा, बनेड़ा, रायला, काछोला, मांडलगढ़,भीलवाड़ा के अलावा अनेक गांवों के मंसूरी समाज बंधु उपस्थित हुए।

छात्रा को दी 55 हजार रुपए की सहायता

पुष्कर, (निसं.)। पुष्कर सहित आसपास के ग्राम क्षेत्रों में बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने में अग्रणी संस्था फाउंडेशन फियोर दी लोटो इंडिया ने एक और छात्रा को आत्म निर्भर बनाने की दिशा में मदद के हाथ बढ़ाते हुए 55 हजार रुपयों की आर्थिक सहायता दी। संस्था के अध्यक्ष दीपू महर्षि ने जानकारी देते हुए बताया कि संस्था की स्कूल में ही अध्यनरत पुष्कर निवासी छात्रा निशा शर्मा पुत्री रामावतार शर्मा को अजमेर के जवाहर लाल नेहरू हॉस्पिटल से ब्लड बैंक टेक्नीशियन का कोर्स करने के लिए 55000 रुपए की सहायता राशि का चेक प्रदान किया गया है। महर्षि ने बताया कि पहले दस हजार और आज पैतालीस हजार के चेक देकर छात्रा निशा को आने वाले नए भविष्य में आत्म निर्भर बनाने की कोशिश की गई है। उन्हें विश्वास है कि निशा अब जल्द ही ब्लड बैंक टेक्नीशियन का कोर्स कर ना सिर्फ स्वयं आत्म निर्भर बनेगी बल्कि इस क्षेत्र के माध्यम से वह आम जनता की बेहतर सेवा करके अपने माता पिता और संस्था एक नाम भी रोशन करेगी। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि निशा ने इससे पूर्व भी संस्था द्वारा संचालित स्कूल में बारहवीं तक की शिक्षा ग्रहण की है।

अवैध बजरी मामले में दो ट्रेलर जब्त

रूपनगढ़, (निसं.)। रूपनगढ़ पुलिस ने रविवार को अवैध बजरी का परिवहन करते दो ट्रेलर को जकेब्त किया। पुलिस ने अठिाम कार्यवाही हेतु खनिज विभाग को सूचित किया। रूपनगढ़ थाना प्रभारी सत्यवान सिंह मीणा ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा अवैध बजरी के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत जिला पुलिस अधीक्षक अजमेर के दिशा निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्राम) अजमेर तथा किशनगढ़ सीओ (ग्रामीण) के सुपरवीजन में थानाधिकारी के नेतृत्व में थाना से टीम गठित की जाकर रविवार को दौराने गश्त ईलाका थाना के रूपनगढ मे मेगा हाईवे पर अवैध बजरी परिवहन करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुये, अवैध बजरी से भरे दो ट्रेलर को जब्त किया गया। अठिाम कार्यवाही हेतु खनिज विभाग को सूचित किया गया। इस कार्यवाही हेतु गठित पुलिस टीम में थाना प्रभारी सत्यवान सिह मीणा, हेड कांस्टेबल इमरान खान, कांस्टेबल नंदा राम, कांस्टेबल महेन्द्र, कांस्टेबल पनराज इस टीम में शामिल थे।

वैष्णव विवाह सम्मेलन पर चर्चा की

मदनगंज किशनगढ़,(निस)। वैष्णव समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति की बैठक अध्यक्ष रामनिवास वैष्णव की सदारत में सम्पन्न हुई। बैठक में आगामी 11 मई को वैष्णव धर्मशाला पुष्कर में आयोजित विवाह सम्मेलन को लेकर तैयारियां के संबंध में चर्चा की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार संयोजक श्यामसुंदर वैष्णव ने बताया की समाज में व्याप्त दहेज प्रथा को समाप्त कराने के साथ सामाजिक उत्थान के लिये सामूहिक विवाह सम्मेलन प्रतिवर्ष किया जा रहा है। बैठक में उपाध्यक्ष गोविंद वैष्णव, पुसादास वैष्णव चीताखेड़ा, त्रिलोक वैष्णव अजमेर, सचिव बाबूलाल वैष्णव किशनगढ़, श्यामसुंदर वैष्णव पनेर, कन्हैयालाल चित्रानागा किशनगढ़, पुजारी रवि अठाावत, पार्षद कमल रामावत पुष्कर, रामू वैष्णव दातड़ी, पूरणदास वैष्णव, रतनलाल भावानंदी, सत्यनारायण वैष्णव, संतोषदास वैष्णव, धनराज वैष्णव, रामकुमार वैष्णव, ओमप्रकाश भावानंदी सहित सदस्य उपस्थित थे।

हत्या व फायरिंग के आरोपी को जेल भेजा

रूपनगढ़, (निसं.)। रूपनगढ़ पुलिस ने 22 सितंबर को हुई हत्या और फायरिंग के मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया था। प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार को आरोपी को अवकाशकालीन मजिस्ट्रेट अजमेर के समक्ष पेश किया गया। अदालत ने उसे जेल भेजने के आदेश दिए। थाना प्रभारी सत्यवान सिंह मीणा ने बताया कि आरोपी जीतराम उर्फ कैलाश जाखड़ (28) निवासी ग्राम रलावता, थाना गांधीनगर, जिला अजमेर को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया। अदालत ने उसे न्यायिक हिरासत में भेज दियो

सरकार मंगला बीमा योजना में सभी पशु शामिल करें : चौधरी

अजमेर, (कासं)। अजमेर सरस डेयरी के अध्यक्ष रामचंद्र चौधरी ने कहा कि राज्य सरकार ने मंगला पशु बीमा योजना में एक किसान के लिए केवल दो पशुओं के बीमा की ही घोषणा की जो नाकाफी हैं। इस योजना में किसान के पास जितने भी पशु है, उनको बीमा योजना में शामिल करना चाहिए, जिससे किसानों को अनावश्यक आर्थिक बोझ नहीं झेलना पड़े, यह निश्चित नहीं हो सकता है कि बीमित पशु पर ही कोई आपदा आएगी। रविवार को मसूदा पंचायत समिति के निकटवर्ती दौलतपुरा प्रथम गांव में 5 के एल बल्क मिल्क मशीन के उद्घाटन के बाद आयोजित लाभांश एवं वितरण समारोह में समारोह की अध्यक्षता करते हुए चौधरी ने यह बात कही है।

इस मौके पर लाभार्थियों 2017-18 से 2023 तक को 33 लाख 75 हजार की राशि का लाभांश वितरित किया गयात्चौधरी ने कहा कि विद्यालयों में दूध के लिए पाउडर सरस डेयरी द्वारा सप्लाई किया जा रहा है।

पूर्ववर्ती सरकार द्वारा 30 फ़ीसदी राशि एडवांस में दी जाती थी, लेकिन अब यह प्रक्रिया बंद होने से किसानों को समय पर भुगतान करने में भी समस्या का सामना करना पड़ता है, उन्होंने कहा कि सरकार को 60 करोड रुपए की राशि का पाउडर बेच दिया, लेकिन अभी भी समय पर राशि नहीं मिल रही है। उन्होंने 30 फीसदी राशि एडवांस अदा करने की बात कही है,

उन्होंने कहा कि सेक्स सॉर्टेड सीमन भी सरकार द्वारा रियायत दर पर उपलब्ध करवाया जाना चाहिए, ताकि नस्ल सुधार में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की जा सके।

उन्होंने कहा कि प्रतिवर्ष डेयरी द्वारा सर्दी में दूध खरीद मूल्य में कमी की जाती हैं, लेकिन इस बार डेयरी प्रबंधन मंडल ने ऐतिहासिक निर्णय लिया तथा सर्दी में दूध खरीद के भाव में कोई कमी नहीं की गई हैं, उन्होंने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकारों से निरंतर यह मांग की जा रही है कि डेयरी को कृषि या उद्योग क्षेत्र में शामिल किया जाना चाहिए ताकि अकाल की स्थिति में केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा किसानों को पशु व अन्य हानि होने पर सहायता राशि प्रदान की जा सके।

इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए मसूदा विधायक वीरेंद्र सिंह कानावत ने कहा है कि पूरे राजस्थान में वेटरनरी मोबाइल वैन की सुविधा दी गई हैत दुग्ध उत्पादक व किसान 1962 नंबर पर कॉल करके अपने पशुओं के लिए उत्पन्न आपात स्थिति में सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

पूर्व प्रधान प्रहलाद शर्मा, भेरूखेड़ा डीआर गजराज चौधरी, दौलतपुरा सरपंच रामचंद्र, शेरगढ़ सरपंच देशराज भादू , जाट समाज के सचिव सांवरलाल हनुतिया, कविराज कानाराम, सथाना सचिव कानाराम चौधरी, चापानेरी सरपंच बछराज, दौलतपुरा सचिव शिवराज चौधरी, अजमेर डेयरी मैनेजर लादू राम चौधरी, डेयरी के अधिकारी अशोक महला, गजराज राठौड़, हनुमान धायल आदि उपस्थित रहे।

रामचंद्र चौधरी ने अपने संबोधन में कहा है कि वर्तमान में मुख्यमंत्री दुग्ध संबल राशि 5 प्रति लीटर हैं, इस राशि को 7 वर्ष हो चुके हैं, महंगाई बढ़ने के बाद सरकार को इस पर भी बढ़ोतरी के लिए विचार करना चाहिए।

डेयरी अध्यक्ष चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि मसूदा क्षेत्र में 25 पशु चिकित्सालय में कोई भी चिकित्सक नहीं हैत ऐसी स्थिति में किसान अपने पशुओं का समय पर इलाज करवाने कहां ले जाएंगे? इस पर भी सरकार को विचार करना चाहिए।

चौधरी ने कहा कि इस वर्ष अच्छी बारिश हुई एवं फसले भी अच्छी हुई, लेकिन कैटल फीड पर पशु आहार के भाव में कोई कमी नहीं होने से किसानों को पुरानी दर पर ही आहार खरीदना पड़ रहा है, अन्य राज्यों के मुकाबले प्रदेश में इसके भाव काम नहीं हुए हैं।

शिक्षा के साथ संस्कार की भी जरूरत : गौतम मुनि

अजमेर, (कासं)। शिक्षा के साथ-साथ मनुष्य के जीवन में संस्कारों की भी जरूरत है। मनुष्य को अपने जीवन को संस्कारों से पुण्यावित करते हुये परमात्मा के संदेशों को अपने जीवन में आत्मसात करने की जरूरत हैं। उक्त विचार मधुर व्याख्यानी उपप्रर्वतक गौतम मुनि 'गुणाकर' महाराज ने रविवार को महावीर कॉलोनी रणजीत अभिषेक कोठारी के निवास पर धर्मसभा को सम्बोधित करते हुये व्यक्त किये।

उपाध्याय कन्हैयालाल कमल के सुशिष्य उपप्रर्वतक विनयमुनि गौतम मुनि संजय मुनि, सागर मुनि वैशाली नगर से विहार कर पुष्कर रोड़ महावीर कॉलोनी पहुंचे। जहां रणजीत अभिषेक नेहा कोठारी ने महारासा की अगवानी की जहा जैन समाज के सैकडो भक्तों दौलत कोठारी, मिलापचन्द रांका, रिखब सुराना, धर्मेश जैन, विनोद ढाबरिया, पारसमल रांका, सम्पत कोठारी, संजय जैन मूथा, राकेश बड़मचा, बलवीर, पीपाड़ा, प्रकाश भण्डारी, राजेन्द्र सकलेचा, महावीर ज्ञानचन्द कोठारी ने महाराजश्री के जयकारो से स्वागत किया।

गौतम मुनि ने कहा कि महामंत्र की माला फेरने से लोभी पापी और कोधी भी सुधर जाते है और मुर्ख भी ज्ञान को प्राप्त कर लेते है। इसकी स्तुति से ही मनुष्य भव सागर तर जाते है।

गौतम मुनि ने कहा कि भगवान व गुरु के चरणों में अपना स्थान बनाने के पहले मनुष्य को अपने मां-बाप के चरणों में अपना स्थान बनाने की आवश्यकता है।

किन्नर गद्दीपति व पंच पटेलों का अभिनंदन किया

अजमेर, (कासं)। अखिल भारतीय किन्नर महासम्मेलन के शुभारंभ के अवसर पर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य एवं अजमेर उत्तर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के प्रत्याशी रहे महेंद्र सिंह रलावता ने कांग्रेसियों के साथ गद्दीपति सलोनी बाई एवं पंच पटेलो का माल्यार्पण कर शाल ओढाकर अभिनंदन किया।

महासम्मेलन स्थल पर कांग्रेसी नेता रलावता ने गद्दीपति सलौनी बाई को शगुन भेंट कर सम्मेलन की सफलता की शुभकामना देते हुए सम्मेलन में हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर अजमेर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के निवर्तमान महासचिव शिवकुमार बंसल, पार्षद गजेंद्र सिंह रलावता, अल्पसंख्यक विभाग के पूर्व जिला अध्यक्ष अब्दुल रशीद, पप्पू कुरैशी कांग्रेस ओ बी सी विभाग के शहर अध्यक्ष सतीश वर्मा, शक्ति सिंह रलावता, नौरत तुनवाल, कमरुद्दीन, अकरम कुरैशी, अहमद हुसैन, एम्युनल आशीष रौमी, सुमेर सिंह सहित कांग्रेस के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

शाहपुरा में धरना, रैली निकाली

शाहपुरा, (नि.सं.)। शाहपुरा जिला बचाओ संघर्ष समिति द्वारा उपखंड कार्यालय शाहपुरा के बाहर क्रमिक अनशन धरने जारी है। इस को लेकर पेन्टर एव आर्टिस्ट एसोसिएशन के सदस्य राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त दुर्गेश कुमार जोश के नेतृत्व में शांतिपूर्ण रैली निकाली। नारेबाजी करते हुए धरना स्थल पर पहुंचकर शाहपुरा जिले को समाप्त करने के विरोध में प्रदर्शन किया और सरकार से शाहपुरा को वापस जिले का दर्जा देने की मांग की ।

पेंटर एवं आर्टिस्ट एसोसिएशन शाहपुरा के सदस्य आर्टिस्ट महावीर सेन राणा, के एल बारी, बालकृष्ण बीरा , अभिषेक जोशी विजय जोशी राजेश जोशी प्रदीप जोशी प्रवीण जोशी पेंटर देवीलाल कुम्हार युसूफ पेंटर ग्यारसी लाल कोहली भेरूलाल कुम्हार भंवरलाल रेगर शंभू लाल कन्हैयालाल रेगर रमेश रेगर सलीम खान लक्ष्मी नारायण सेन शैतान रेगर दीपक कोली महावीर पेंटर जगदीश पेंटर राजेश पेंटर सहित कई सदस्य कर्मिक अनशन धरने पर बैठे। उपखंड अधिकारी को राज्यपाल के नाम शाहपुरा जिला बहाल करने का ज्ञापन अध्यक्ष को दिया।

विधानसभा अध्यक्ष का नागरिक अभिनंदन किया

अजमेर, (कासं)। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश को गुलामी की मानसिकता और विसंगतियों से मुक्ति का काम किया जा रहा है। इसी कड़ी में अजमेर में केईएम का नाम बदल कर महर्षि दयानन्द विश्रांति गृह, खादिम होटल का नाम बदल कर अजयमेरु और फॉय सागर का नाम बदल कर वरुण सागर किया गया है। देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राजस्थान में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा एवं अजमेर को आगे बढ़ाने का काम किया जा रहा है। विकास की यह धारा निरंतर बनी रहेगी।

अजमेर में केईएम का नाम बदल कर महर्षि दयानन्द विश्रांति गृह करने, होटल खादिम का नाम बदल कर होटल अजयमेरु करने तथा फॉय सागर का नाम बदल कर वरुण सागर करने पर रविवार को शहर की दर्जनों संस्थाओं, समाजों एवं हजारों लोगों ने विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी का नागरिक अभिनन्दन किया।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए देवनानी ने कहा कि भारत की सांस्कृतिक विरासत को संजोना और हमारी आने वाली पीढ़ियों को अपने गौरवशाली अतीत से परिचित कराना हमारा कर्तव्य है। यह नाम परिवर्तन मात्र औपचारिक निर्णय नहीं, बल्कि हमारी अस्मिता और आत्मसम्मान का प्रतीक है। संस्कृति का संरक्षण होना चाहिए।

विधानसभा अध्यक्ष ने कहा हमारी सरकार आजादी के 77 वर्षों बाद भी ब्रिटिश काल की उन सभी निशानियों को हटाने के लिए प्रतिबद्ध है जो हमारी राष्ट्रीय अस्मिता को ठेस पहुँचाती हैं। फॉयसागर का नाम बदलकर वरुण सागर करना इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। इससे यह झील अब भारतीय संस्कृति और परंपराओं से जुड़ सकेगी। वरुण सागर झील का योजनाबद्ध तरीके से सौंदर्यीकरण एवं विकास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि फॉयसागर झील गुलामी का 132 वर्ष पुराना प्रतीक है। इसका निर्माण ब्रिटिश इंजीनियर फॉय ने जलापूर्ति एवं अकाल राहत के लिए करवाया था। उदयपुर के समान अजमेर भी झीलो की नगरी कहलाएगा।

विभिन्न सामाजिक संगठनों और नागरिकों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे शहर के ऐतिहासिक स्थलों को नई पहचान मिलेगी और भारतीय संस्कृति का सम्मान बढ़ेगा। इस अवसर पर माली समाज, भाजपा महिला मोर्चा, स्वर्णकार समाज, साहू समाज, ब्राह्मण समाज, प्रगतिशील गुर्जर गौड़, जैन समाज, पूर्व सैनिक, व्यापारिक एसोसिएशन, राजपूत छात्रावास, भारत विकास परिषद, संस्कार भारती, वाल्मीकि समाज, शिक्षक संघ राष्ट्रीय, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ज्योत्सना रंगा एवं स्टाफ, शहर भाजपा अध्यक्ष रमेश सोनी, राजेश शर्मा, योगेश शर्मा, राजकुमार लालवानी, नीरज जैन, धर्मेश जैन, संदीप गोयल, विक्रम सिंह, प्रवीण जैन, भारती श्रीवास्तव, अरविंद यादव, अंकुर मित्तल, कमल गंगवाल, प्रियशील हाडा, प्रकाश बंसल आदि उपस्थित रहे।

उपप्रांतपाल का स्वागत

अजमेर, (कासं)। लायंस क्लब इंटरनेशनल के प्रांत 3233 ई 2 के उपप्रांतपाल प्रथम लायन रामकिशोर गर्ग लायंस प्रशिक्षण कार्यशाला में भाग लेने के लिए विदेश यात्रा से लौटने पर लायन सदस्यों द्वारा स्वागत किया गया।

डिस्ट्रिक मीडिया कॉर्डिनेटर एमजेएफ लायन राजेंद्र गांधी ने बताया कि गर्ग अमेरिका के शिकागो में सेंट चार्ल्स में 10 से 15 फरवरी तक लायंस प्रशिक्षण कार्यशाला में भाग लिया था । जिसमें समस्त विश्व के लगभग सात सौ से ज्यादा गवर्नर (2025-26) शामिल हुए, जिसमें भारत के विभिन्न प्रांतों के लगभग 80 उपप्रांतपाल गण भाग लेंगे।

उपप्रांतपाल लायन रामकिशोर गर्ग ने बताया कि इस अवसर पर उन्होंने ओक ब्रोक में लायंस इंटरनेशनल हेड क्वार्टर का भी अवलोकन कर वहां की कार्यप्रणाली को देखा।

उन्होंने आने वाले वर्ष के इंटरनेशनल प्रेसिडेंट लायन अरविंदर पाल सिंह का कार्यालय देखा, जहां हमारा देश का तिरंगा फहरा देख कर हमें अपार खुशी हुई।

संपूर्ण विश्व के लगभग तीस ग्रुप क्लासरूम बनाए गए। ग्रुप छः को पीडीजी सौरभ कांत ने नेतृत्व प्रदान किया। जिसमें 24 उपप्रांतपाल थे, बहुत शानदार व्यवस्था देख कर हम गर्व से फूले नहीं समाए।

बार एसोसिएशन ने रक्तदान शिविर लगाया

मदनगंज-किशनगढ़, (निस)। बार एसोसिएशन की और से आयोजित शिविर में 61 यूनिट रक्तदान हुआ।

अध्यक्ष रूपेश शर्मा ने बताया कि न्यायिक अधिकारी, अधिवक्ता, न्यायिक स्टॉफ, कर्मचारियो ने बढ़ चढ़कर रक्तदान किया। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश संगीता शर्मा, संदीप आनंद, अतिरिक्त सिविल जज नितिन ओजवानी सहित एडवोकेट राकेश शर्मा, परमानन्द शर्मा, भागीरथ चौधरी, सुरेश गोडेश्वर, हनुमान शर्मा, राजेंद्र शर्मा, उर्मिला कावरिया, माया जाट, काजल शोभानी, चेतन चौरड़िया, राजेंद्र चौधरी, सुदीप सिंह तंवर, श्यौराज चौधरी, हिमांशु सोनी, नंदकिशोर सेजू, देवकरण गुर्जर व कई अधिवक्ताओ ने रक्तदान किया। उपखंड अधिकारी निशा सहारन, न्यायिक मजिस्ट्रेट जितेंद्र रैया, हेमलता भारती, राहुल शर्मा, सुनील गोस्वामी उपस्थित रही। एडवोकेट प्रमोद शर्मा, शरद पारिक, रविकांत शर्मा, दीपक खटाना, प्रतीक मेहता, विश्राम चौधरी, नासिर खान, महिपाल सिंह चौहान, दीपक व्यास, अजय सिंह चौहान, भीम सिंह चौधरी, परमेश्वर बाना, अर्जुन गुर्जर, कृष्णावतार शर्मा ने सहयोग किया। संचालन प्रमोद शर्मा ने किया। अध्यक्ष रूपेश शर्मा ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

सरवाड़ से फतेहगढ़ मार्ग पुलिया के पास गहरे गड्ढे

सरवाड़ (निसं.)। सरवाड़ से किशनगढ़ मार्ग पर सड़क की हालत कस्ता है जगह-जगह बनी पुलिया के पास सड़क टूटी हुई व गहरे गड्ढे होने से आने जाने वाले वाहन चालकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

गौरतलब है कि पूर्व सरकार के समय इस सड़क का निर्माण हुआ मगर ठेकेदार की लापरवाही के चलते जगह-जगह पुलिया निर्माण के पास सड़क का निर्माण नहीं करने के कारण आए दिन हादसे हो रहे हैं। न तों अधिकारियों का ध्यान है न जनप्रतिनिधियों का। जिसके चलते आने जाने वाले वाहन चालकों में रोष देखने को मिल रहा है। वहीं रविवार को समाजसेवी लोगों का ध्यान गहरे गड्ढे पर जाने पर उन्होंने गड्ढे में मिट्टी भराई और गड्ढे के पास कांटे लगाए।

हरीश वर्यानी का निधन

अजमेर, (कासं)। चौरसियावास रोड स्थित श्री निवास कॉलोनी निवासी वरिष्ठ पत्रकार व दैनिक हिन्दू (सिंधी भाषा) के प्रधान संपादक हरीश वर्यानी का रविवार शाम को निधन हो गया है।

वर्यानी काफी पिछले कुछ समय से बीमार चल रहे थे तथा अजमेर के जवाहर लाल नेहरू अस्पताल के आईसीयू युनिट मे उपचार चल रहा था, जहां उन्होने अंतिम सांस ली। उनके निधन से पत्रकार जगत में शोक की लहर छा गई। पत्रकारिता के क्षेत्र में सकियता से काम करते हुए उन्होने अपना पूरा जीवन लगा दिया।

जैन मंदिर में सामूहिक पूजा

भीलवाड़ा, (नि.सं.)। हाउसिंग बोर्ड शास्त्रीनगर स्थित सुपार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर की स्थापना के 17वें वर्ष पूर्ण होने पर मूल नायक सुपार्श्वनाथ भगवान का अभिषेक एवं शांतिधारा की गई व सुपार्श्वनाथ महामण्डल विधान की सामूहिक पूजा अर्चना की गई। पूजा पं. पद्म चन्द काला ने करवाई।

पूर्व संध्या पर भक्तामर की महामंगल आरती की गई व णमोकार मंत्र से श्रद्धालुओं ने जै-जैकार करते हुए माहौल को भक्तिमय कर दिया।

अध्यक्ष राकेश पाटनी ने बताया कि 108 रिद्धी-सिद्धी मंत्रों से मस्तकाभिषेक, अभिषेक एवं शांतिधारा मूल नायक भगवान पर हुआ, जिसका सौभाग्य प्रकाश कैलाश अरविन्द सम्यक शाह परिवार को व ध्वजारोहण का सौभाग्य अशोक कुमार अभिषेक पाण्डिया परिवार को प्राप्त हुआ।

इसके पश्चात् घट यात्रा जुलुस बैण्ड-बाजों के साथ निकाली गई। 130 अर्घ के साथ सुपार्श्वनाथ महामण्डल विधान की पूजा अर्चना की गई।

प्रतियोगिता हुई

ब्यावर, (निसं) जैन विद्यापीठ (नाज) में रंगारंग भारत राष्ट्रीय पोस्टर प्रतियोगिता में 17 स्कूलों के 148 बच्चों ने भाग लिया। कक्षा 7 से 9 तक के बच्चों की प्रतियोगिता में स्थानीय त्यौहार, परम्परा, रीति-रिवाज, अनुष्ठान, सामाजिक प्रथा आदि को दर्शाने वाले पोस्टर दिखाए।

नाम परिवर्तन सूचना

मेरा पुत्र तनिष कुमार जो की वर्तमान में कक्षा 5 में अध्ययनरत है का नाम शैक्षणिक दस्तावेज़ों में भूलवश तनीष कुमार चौहान दर्ज़ हो गया है। जबकि उसका वास्तविक नाम तनीष कुमार ही है जो कि आधार कार्ड में भी तनीष कुमार ही दर्ज़ है। मेरे द्वारा शपथ पत्र पेश करते हुए सूचित किया जा रहा है की मेरे पुत्र को तनीष कुमार के नाम से ही जाना पहचाना जाय और सम्बोधित किया जाये।

द्वाराः महेंद्र कुमार चौहान
गोपाल जी मोहल्ला, सूरज पोल गेट
ब्यावर जिला ब्यावर।

आम सूचना

मेरे अभिभाष्य श्री राजेश भारवानी पुत्र श्री जामनदास सिन्धी भारवानी निवासी 4/39. साकेत नगर, हाऊसिंग बोर्ड, कॉलोनी, ब्यावर की हिदायत अनुसार, सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, स्व. श्रीमती पुष्पावती पत्नि स्व. श्री गेन्दालाल मित्तल के उत्तराधिकारीयान बालकिशन, कैलाशनारायण मित्तल वगैराह के द्वारा श्रीमती पुष्पावती की ओर से पंजीकृत बेचाननामा ता. 08.11.1952 के द्वारा श्री प्यारेलाल, कन्हैयालाल वगैराह पुत्रगण चौथमल भार्गव से क्रय की गयी, डिग्गी मौहल्ला, ब्यावर की खण्डहर पटटी पौष भूसम्पदा प्राचीन म्यु.नं. 6/257-ए, नया नंबर 2/ डिग्गी मौहल्ला, गली नं. 4. म.नं. 35 जिसके पूर्व में आम सडक डिग्गी मौहल्ला, पश्चिम में मकान सुवालाल जी अग्रवाल वाला वर्तमान में मकान मदनलाल रांक्का, उत्तर में मकान सुरजमल जी ब्राहमण वर्तमान मकान महावीरचन्द मुथा, दक्षिण में-मकान सुरजमल वर्तमान में मकान पूनमचन्द का है, उक्त चतुर्थ सीमाओ की खण्डहर सम्पत्ति के खरीद का मूल विक्रयपत्र ता. 08.11.1952 पुष्पावती मित्तल के जीवनकाल में क्षत विक्षत होकर नष्ट हो जाने, तथा मूल विक्रयपत्र को पुष्पावती व उसके मरणोपरान्त उत्तराधिकारीयान की ओर से किसी भी प्रकार से प्लेज, हाईपोथिकेट, बन्धक, भारयुक्त नही किये जाने, का कथन कर, मेरे अभिभाष्य को विक्रय हेतु प्रस्तावित की है। सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त सीमाओं के खण्डहर मकान मय भूखण्ड के सन्दर्भ में स्व. श्रीमती पुष्पावती पत्नि श्री गेन्दालाल जी के उत्तराधिकारीयान अशोक व दिनेश पुत्रगण व आशा पुत्री स्व. श्री राधेश्याम व विनोद कुमार पुत्र स्व. श्री रामप्रसाद व हरीकिशन, बालकिशन, कैलाशचन्द, राजेन्द्र पुत्रगण एवं चन्द्रकान्ता पुत्री रणछोडदास व स्व. शकुन्तला के वंशज व स्व. चन्द्रकान्ता के वंशज के अतिरिक्त इस सम्पत्ति में स्व. श्रीमती पुष्पा देवी का अन्य कोई उत्तराधिकारी हकदार क्लेमेन्ट हो तथा इस सम्पत्ति में अन्य व्यक्ति, विभाग, वित्तीय संस्थान, किसी प्रकार का स्वामित्व क्लेम, एवं भार धारक हो, तो, वह अपनी आपत्ति मय सबूत आम सूचना, प्रकाशन से 05 दिवस, में निम्न हस्ताक्षरकर्ता को तथा/अथवा मेरे अभिभाष्य श्री राजेश भारवानी को उक्त अंकित पते पर लिखित में प्रेषित कर दें। आम सूचना प्रकाशन उपरान्त, उक्त निर्धारित कालावधि में, डिग्गी मौहल्ला ब्यावर के पूर्व झांकते खण्डहर मकान के सन्दर्भ में मय सबूत, स्वामित्व क्लेम बाबत लिखित आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर, आम सूचना में वर्णित कालावधि उपरान्त मेरे अभिभाष्य, सद्भावपूर्वक, प्रतिफल देकर, उपर वर्णित सीमाओ के खण्डहर मकान को स्व. पुष्पावती मित्तल के उपर वर्णित उत्तराधिकारीयान से क्रय कर स्वामित्व में लेकर विक्रयपत्र सम्पादित कराकर पंजीकृत करा लेगा। बाद पंजीयन विक्रयपत्र, खरीद होने वाली उक्त सीमाओं के खण्डहर उक्त मकान के स्वामित्व बाबत, किसी व्यक्ति, विभाग, वित्तिय संस्थान, स्थानीय निकाय, स्वामित्वधारक आदि हितसाधक की ओर से विक्रय को चुनौती देने बाबत की जाने वाली आपत्ति व क्लेम, मेरे अभिभाष्य के स्वामित्व अधिकारो पर शून्य व निष्प्रभावी होगी। सर्व साधारण सूचित रहे।

भंवरलाल ओस्तवाल, एडवोकेट • मो. 9414355753